Coverage Report: TCS IT Wiz – Kolkata Edition

Publication: Dainik Jagran
Date: 02/09/2016
Edition: Kolkata
Page No: 2
Headline: Loyola School wins Kolkata edition of TCS IT Wiz

लोयोला स्कूल जमशेदपुर की टीम बनी विजेता

जागरण संवाददाता, कोलकाता : शहरके विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर अपनी मेधा की दमदार प्रस्तुति दी है। टाटा कन्सल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) की ओर से कोलकाता के संगीत कला मंदिर प्रेक्षागृह में आयोजित 'टीसीएस आइटी विज इंटर स्कूल क्विज' के रीजनल फाइनल की विजेता लोयोला स्कूल जमशेदपुर की टीम बनी है। स्कूल की टीम अब मुंबई में होने वाले फाइनल में पूर्वी भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। क्विज की उप विजेता भी शहर के स्कूल राजेन्द्र विद्यालय की टीम रही। फाइनल में कोलकाता समेत पूर्वी भारत के विभिन्न प्रदेश की छह टीमें शामिल थीं, जिसमें से दो टीम जमशेदपुर की थी।

विजेता टीम को पुरस्कृत करते भारतीय सांख्यिकी संस्थान कोलकाता के निदेशक डॉ. संघमित्रा बंदोपाध्याय और टीसीएस के पूर्वी क्षेत्र के उपाध्यक्ष सुरेश मेनन। जागरण

विजेता रही टीम में शामिल अभिनव कुमार सिंह और प्रनीत शेखर और उपविजेता रही टीम में शामिल शदान कलाम और अदनान अज्मत को पुरस्कार मिला। फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम को भी टीसीएस की ओर से पुरस्कार दिए गए। मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय सांख्यिकी संस्थान कोलकाता के निदेशक डॉ.संघमित्रा बंदोपाध्याय और टीसीएस के पूर्वी क्षेत्र के उपाध्यक्ष सुरेश मेनन ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। क्विज का संचालन देश के मशहूर क्विज मास्टर पिकब्रेन गिरी बालासुब्रमण्यम ने किया। क्विज में विभिन्न क्षेत्र में इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के एप्लीकेशन पर आधारित सवाल पूछे गये। सुरेश मेनन ने बताया कि इस साल क्विज का थीम था-डिफॉल्ट इज डिजिटल। इस क्विज को आयोजित करने का मकसद स्कूली विद्यार्थियों में नवीनतम तकनीक की अंडरस्टैंडिंग के साथ ही उसके भविष्य को बताना है। क्विज में कक्षा आठ से बारहवीं तक के स्टूडेंट्स भाग लेते हैं। क्विज के प्रारंभिक चरण में लिखित परीक्षा के आधार पर फाइनलिस्ट का चयन होता है। क्विज में पांच राउंड थे। टीसीएसके उपाध्यक्ष सुरेश मेनन ने बताया कि यह क्विज देश का सबसे बड़ा स्कूल आईटी क्विज है। इस क्विज को देश के 15 शहरों में आयोजित किया गया। इन शहरों के विजेता क्विज के दूसरे चरण रीजनल राउंड में पहुंचे। अब रीजनल राउंड में सफल रहने वाली टीम का मुकाबला नेशनल में होगा, जो मुंबई में होगा।